नितिन गडकरी
**NITIN GADKARI**

सत्यमेव जयते

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

D.O. No. 168285/M (MSME)/21
मंत्री
सड़क परिवहन एवं राजमार्ग और
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम
भारत सरकार
Minister
Road, Transport & Highways and
Micro, Small & Medium Enterprises
Government of India

दिनांक: 15 जनवरी, 2021

मा० नीतीश मिश्रा जी,

आपका दिनांक 02.01.2021 का पत्र प्राप्त हुआ जिसमें आपने बिहार राज्य में मखाना क्लस्टर स्थापित किए जाने का अनुरोध किया है।

आपका पत्र उचित कार्रवाई हेतु संबंधित अधिकारी को भेज दिया गया है।

आपका,

नितिन गडकरी

**(नितिन गडकरी)**

**श्री नीतीश मिश्रा,**
पूर्व मंत्री एवं सदस्य,
बिहार विधान सभा,
112, कौटिल्य नगर,
पटना-800014 (बिहार)।

**नीतीश मिश्रा**
पूर्व मंत्री
बिहार सरकार

**सदस्य**
बिहार विधान सभा

**Ref: 04/2021**
**Dt-02.01.2021**

परमादरणीय मंत्री महोदय,

विषयः– बिहार में भारत के 85 प्रतिशत मखाना उत्पादन क्षेत्र में मखाना कलस्टर बनाने के संबंध में।

देश में मखाना का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य बिहार है। बिहार के मिथिला क्षेत्र में मखाना का सबसे बड़े पैमाने पर उत्पादन होता है। भारत में वर्त्तमान समय में करीब 15,000 हेक्टेयर में मखाना की खेती होती है, जिसका 85 प्रतिशत यानि 13,000 हेक्टेयर में मखाना की खेती उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों यथा मधुबनी, दरभंगा, पूर्णिया, कटिहार, सुपौल, सहरसा एवं किशनगंज आदि में होती है। इस क्षेत्र में मखाना की उत्पादकता 2 टन प्रति हेक्टेयर है, जिसके अनुसार 26 हजार टन मखाना बीज का उत्पादन से 10 हजार 400 (10,400) टन मखाना लावा की प्राप्ति होती है, जिसका बाजार मूल्य लगभग 520 करोड़ रुपये होता है।

माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा 20 लाख करोड़ रुपये के आर्थिक पैकेज के घोषणा के बाद माननीया केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन् जी ने देश के किसानों के लिए आर्थिक पैकेज की घोषणा के समय कृषि सेक्टर के लिए 1 लाख करोड़ रुपये देने की बात कही है, साथ ही फूड इंटरप्राइजेज माईक्रो साइज के लिए 10 हजार करोड़ रुपये देने की बात कही है, उन्होंने बिहार में मखाना का जिक्र करते हुए राज्य में मखाना कलस्टर बनाने की इच्छा व्यक्त की है।

मखाना आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की उत्तर बिहार में अपार संभावनाएँ हैं जिसका व्यापार देश–विदेश में आसानी से किया जा सकता है।

अतः अनुरोध है कि उत्तर ब्हिार में मखाना आधारित कलस्टर बनाने हेतु समुचित कार्रवाई करना चाहेंगे।

नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ!

सादर,

भवदीय

Nitish Mishra
(नीतीश मिश्रा) 2·1·20

सेवा में,
श्रीं नितिन जयराम गडकरी
माननीय मंत्री
सूक्षम, लघु एवं मध्यम उदयम मंत्रालय
कमरा न॰ 501, ट्रांसपोर्ट भवन
नई दिल्ली–110001

112, कौटिल्य नगर, पटना 800014
Tel. : 0612 222 6263 Fax : 0612 222 5218 E-mail : nitishmishraoffice@gmail.com
/NitishMishraOfficial @mishranitish www.jhanjharpur.co.in